दिन—शनिवार दिनांक— 11 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में मादक पदार्थ की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ठोस प्रयास करने का आह्वान किया।

02. अयोध्या में राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय भव्य समारोह शुरू।

03. सारण जिले के मकेर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार को वाहन जांच के दौरान एक व्यापारी से बत्तीस लाख रूपये छीनने के मामले में गिरफ्तार किया गया।

04. और, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में योग, शारीरिक शिक्षा और खेल में विभिन्न पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दी।

————————————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में मादक पदार्थ की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ठोस प्रयास करने का आह्वान किया है। श्री शाह आज नई दिल्ली में मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2024 में 16 हजार नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। यह स्वाधीनता के बाद सबसे बड़ा आंकड़ा है। श्री शाह ने कहा कि आज से शुरू हुए ड्रग डिस्पोजल पखवाड़े के दौरान मादक पदार्थों को नष्ट किया जायेगा।

———बाईट———

लगभग एक लाख किलोग्राम मादक द्रव्य पदार्थ जिसका मूल्य 86 सौ करोड़ रूपये है उसको अगले सप्ताह 10 दिन के अंदर जलाया जाएगा और मैं मानता हूं कि इससे यह मिनिस्ट्रीकरण से एक मजबूत संदेश जनता के बीच में जाने वाला है। इसके और संकल्पवान प्रयास वर्ष 2025 में हमारे होंगे।

कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री ने सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस—2 हेल्पलाइन के विस्तार का भी उद्घाटन किया।

————————————————————————————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव आज से शुरू हुआ। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर को 50 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि रामलला का पंचामृत और सरयू जल से अभिषेक किया गया और 56 पकवानों का प्रसाद चढ़ाया गया और महाआरती भी की गई।

———बाईट———

रामनगरी में उत्साह है, उल्लास है, जय श्री राम की चारों तरफ गुंज है। रामलला के भविष्य राम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान होने की यह पहली वर्षगांठ है। इसलिए देश दुनिया से भक्त रामलला के दरबार में पहुंचे हैं। इस खास मौके पर रामलला सोने और चांदी से कड़े पीतांबर को धारण कर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का शुभारंभ किया। प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव के दौरान तीनों दिन 6 लाख श्री राम बीज मंत्र का जाप कर 21 वैदिक आचार्य माहौल को धार्मिकता से सराबोर करेंगे, साथ ही रोज शाम 6 बजे से 9 बजे तक भगवान रामलला का बधाई गान होगा। इसके अलावा अंगद टीले पर रोजाना राम कथा प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिनमें आम लोग शामिल हो सकेंगे। प्रथम वर्षगांठ के कार्यक्रम को देखते हुए तीनों दिन दर्शन के लिए किसी भी तरह के पास नहीं बनाए जाएंगे, साथ अधिक से अधिक लोग रामलला के दर्शन कर सकें इसके लिए दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मंदिर सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना है। उन्होंने इसे हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान विरासत बताया।

———————————————————————————

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के लिए सिर्फ दो दिन शेष रह गए हैं। तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए परिवहन के विभिन्न साधनों के माध्यम से शहर तक पहुंचने की विशेष व्यवस्था की गई है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

भारतीय रेलवे ने प्रयागराज आने—जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित और कुशल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। अमृत स्नान के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे तीन हजार 300 विशेष रेलगाडी सहित 10 हजार से अधिक रेलगाडियां चला रहा है। भीड को नियत्रिंत करने के लिए विशेष उपाय भी किए गए हैं, जिसमें अनारक्षित यात्रियों के लिए स्टेशनों पर रंग—कोडित प्रतीक्षा और होल्डिंग क्षेत्र शामिल हैं। भारी भीड़ को संभालने के लिए, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम सात हजार से अधिक बसों की सेवा उपलब्ध करा रहा है, जिनमें 350 से ज्यादा शटल बसें विशेष रूप से मेला क्षेत्र में आवागमन करेगी। सामान्यतरू तीर्थ यात्री बस और रेलगाड़ी से आवागमन करते हैं। इस बार विमानन सेवा भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। एयरलाइंस प्रयागराज के लिए उड़ानें बढ़ा रही हैं और महाकुंभ की अवधि के लिए नए शहरों को जोड़ा जा रहा है। नई उड़ानों के जुड़ने से प्रयागराज से महाकुंभ के दौरान 25 प्रमुख शहरों से सीधा हवाई संपर्क हो जाएगा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर कल दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में तीन हजार युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। आयोजन के पहले दिन केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ0 मनसुख मांडविया ने कहा कि यह कार्यक्रम बिना राजनीतिक सम्पर्क के राजनीति में एक लाख युवाओं को शामिल करने संबंधी प्रधानमंत्री के स्वाधीनता दिवस के आह्वान के अनुरूप है।

––––बाईट–––

आज विकसित भारत यंग डायलॉग का प्रारंभ हुआ है मुझे खुशी है 23 लाख युवाओं में से चुन के तीन हजार युवा विकसित भारत यंग डायलॉग में पार्टिसिपेंट कर रहे हैं देश के जाने–माने डोमेन एक्सपर्ट्स उसका मेंटरिंग कर रहे हैं देश के तीन हजार यूथ ब्रेनस्टॉर्मिंग कर रहे हैं और 12 तारीख कल ये युवा, युवाओं की विचार का विकसित भारत कैसा होना चाहिए इस विषय पर प्रधानमंत्री जी के सामने अलग–अलग 10 प्रेजेंटेशन रखेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में योग, शारीरिक शिक्षा और खेल में विभिन्न पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दे दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने बताया कि आयोग ने शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से स्नातक, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को शुरू करने की अनुमति दी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सबसे पहले स्पोर्ट्स कोचिंग और योग में डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। साथ ही राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से अनुमोदन होने की स्थिति में चार वर्षीय बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन पाठ्यक्रम भी शुरू किया जायेगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर पटना उच्च न्यायालय में एक और याचिका दायर की गई है। यह याचिका पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने दायर की है। इससे पहले भी परीक्षा रद्द करने की मांग लेकर एक याचिका दायर की जा चुकी है। इधर, आयोग ने जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को कानूनी नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि वे सात दिनों के अंदर आयोग पर लगाए गए आरोपों पर साक्ष्य के साथ अपना पक्ष रखें।

———————————————————————————

सारण जिले के मकेर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार को वाहन जांच के दौरान एक व्यापारी से बत्तीस लाख रूपये छीनने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने बताया कि कोलकता के एक आभूषण कारोबारी रूपये की वसूली कर छपरा की तरफ लौट रहे थे। वाहन जांच कर रहे थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने इसी दौरान व्यापारी के कार से बत्तीस लाख रूपये निकाल लिए। व्यापारी की शिकायत पर आरोपी थानाध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में थानाध्यक्ष के वाहन चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने के साथ ही प्रदेशभर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी आई है। आज सुबह से राज्य के अधिकतर हिस्सों में अच्छी धूप खिली रही। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान ठंड में और कमी आयेगी।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी दूसरे दिन राज्य का सबसे ठंडा स्थान बना रहा।

———————————————————————————

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद, इसरो के स्पेस एपलीकेशन सेंटर के बीच आज पटना में मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी और क्षमता संवर्धन प्रणाली को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदयकान्त ने बताया कि इस समझौते के बाद बाढ़, सूखा, लू, शीतलहर और वज्रपात जैसी आपदाओं का सटीक पूर्वानुमान हो सकेगा।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले में एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये लागत की एक सौ छियासी योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया। साथ ही उन्होंने जिले में कई विकास योजनाओं को शुरू करने की भी घोषणा की।

————————————————————————

प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरांव में एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार माँ बेटी की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। दूसरी तरफ, नालंदा जिले के हरनौत में धोबा नदी पुल पर एक ट्रक की चपेट में आने से कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, पटना में गांधी सेतु पर चालीस यात्रियों से भरी एक बस में अचानक आग लग गई। बस में सवार यात्रियों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

————————————————————————

नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में पुलिस ने छापेमारी कर इकतालीस लोगों को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तारमठिया गांव में अपराधियों ने एक बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

पटना के बिहटा में डोमनिया पुल के पास बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज ऑफिस में आग लगने से लाखों रूपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

———————————————————————

पटना के बख्तियारपुर के वार्ड नंबर चार में दो गुटों के बीच आपसी विवाद में लगभग पचास राउंड फायरिंग हुई है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

कैमूर जिले मे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के चयन के लिए आज से विशेष सर्वे की शुरूआत हुई।

———————————————————————

अररिया जिले के सिकटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत में असामाजिक तत्वों ने एक युवक की पीटपीट कर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

कटिहार जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सात अपराधियों को हथियार, लूटे गए आभूषण और गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश में मादक पदार्थ की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ठोस प्रयास करने का आह्वान किया।

02. अयोध्या में राम मंदिर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय भव्य समारोह शुरू।

03. सारण जिले के मकेर थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार को वाहन जांच के दौरान एक व्यापारी से बत्तीस लाख रूपये छीनने के मामले में गिरफ्तार किया गया।

04. और, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में योग, शारीरिक शिक्षा और खेल में विभिन्न पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दी।

———————————————————————————

समाप्त